SET-2

INDIAN SCHOOL SOHAR
FORMATIVE ASSESSMENT -3
विषयः हिंदी (पाठ्यक्रम - ब)

कक्षा ः IX
दिनांक ः 7 : 11 :2013

समय ः 45 मिनट
पूर्णांक ः 25

निर्देश : 1 इस प्रश्नपत्र में कुल 9 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2 प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले उसका क्रमांक अवश्य लिखा जाए।

प्रश्न 1- **अपठित गद्यांश**

अनुशासन का अर्थ है अपने को कुछ नियमों में वाँध लेना और उन्हीं के अनुसार कार्य करना। कुछ व्यक्ति अनुशासन की व्याख्या 'शासन का अनुगमन' करने के अर्थ में लेते हैं परंतु अनुशासन सुव्यवस्थित ढंग से उन आधारभूत नियमों का पालन ही है,जिनके द्वारा किसी अन्य व्यक्ति के मार्ग में वाधक वने विना व्यक्ति अपना पूर्ण विकास कर सके। अनुशासन में रहने का भी एक आनंद है,लेकिन आज व्यक्तियों में अनुशासनहीनता की भावना वढ़ रही है। समाचार- पत्रों में हमेशा यही पढ़ने को मिलता है कि आज अमुक नगर में दस दुकानें लूटी गईं,वसों में आग लगा दी गई आदि। किसी भी कर्मचारी को कोई गलत काम करने से रोका जाए तो वह अपनों से मिलकर काम वन्द करा देगा। वहुत दिनों तक हड़तालें चलती रहेगी। अनुशासन के अभाव में समाज में अराजकता और अशांति का साम्राज्य होता है। वन्य पशुओं में अनुशासन का कोई महत्व नहीं है,इसी कारण उनका जीवन अरक्षित, आतंकित एवं अव्यवस्थित रहता है। मानव के पूर्ण विकास के लिए कुछ वंधनों और नियमों का होना आवश्यक है। अनुशासनवद्धता मानव जीवन के मार्ग में वाधक नहीं अपितु उसको पूर्ण उन्नति तक पहुँचाने के लिए अनुकूल अवसर प्रदान करती है।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ः (5)

(क) अनुशासन के न होने पर क्या होता है ?

(ख) अनुशासन से क्या तात्पर्य है ?

(ग) मानव- विकास के लिए अनुशासन क्या महत्त्व है ?

(घ) वन्य जीव असुरक्षित क्यों होते हैं ? इसका क्या परिणाम होता है?

(ङ) ' उन्नति' तथा 'अनुकूल' शव्द के विलोम शव्द लिखिए।

प्रश्न 2- वर्ण - विच्छेद कीजिए - प्रकृति , उच्चारण (2)

प्रश्न 3- निम्नलिखित शब्द के उपसर्ग -प्रत्यय अलग-अलग कीजिए - (1)
अधार्मिक

प्रश्न 4 – (क) संधि - विच्छेद करो – महौजस्वी , उज्ज्वल (2)

प्रश्न 5 - उचित विराम चिह्न का प्रयोग कीजिए - (1)

दीपक ने कहा भगवान तुम्हें सुखी रखे

प्रश्न 6 - ‘ एक फूल की चाह कविता’ में "कैसे यह अछूत भीतर आया? पकड़ो देखो भाग न जाए।" पंक्तियाँ समाज में फैली किस बुराई की ओर ध्यान आकर्षित करती है ? (3)

प्रश्न 7 – ‘ एक फूल की चाह कविता’ के आधार पर मंदिर के सौंदर्य का वर्णन कीजिए । (3)

प्रश्न 8 - ‘मेरा छोटा- सा निजी पुस्तकालय’ पाठ में कितावों वाले कमरे में रहने के पीछे लेखक के मन में क्या भावना थी ? (4)

प्रश्न 9 – ‘ इंटरनेट से लाभ- हानि’ के विषय पर दो छात्राओं के वीच संवाद लिखिए। (4)

-------------0-----------